दिनांकः 16.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र प्रदर्शनी–भारत टेक्स को दुनियाभर के नीति निर्माताओं का मज़बूत मंच बताया।
- केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने जैविक खेती और श्री अन्न को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया।
- जयपुर में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन कल–हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देने वाली प्रतिभाओं का सम्मान होगा।
- उदयपुर में ''वॉटर विजन 2047'' राष्ट्रीय संगोष्ठी–एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन पर मंथन होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र प्रदर्शनी भारत टेक्स में देश की सांस्कृतिक विविधता के दर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रतिभागी 120 देशों की झलक भी प्रदर्शनी में देखी जा रही है। श्री मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में चले रही अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र प्रदर्शनी–भारत टेक्स में बोल रहे थे। उन्होंने दुनियाभर के वस्त्र उद्योग से जुड़े लोगों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने वाले इस वैश्विक आयोजन की सराहना की।

--------------

प्रधानमंत्री ने कहा कि टेक्सटाइल क्षेत्र देश में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करता है। भारत दुनिया के बड़े निर्यातकों में शामिल है। श्री मोदी ने कहा कि 2030 तक देश के वस्त्र निर्यात को नौ लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।
14 फरवरी से शुरू हुआ भारत टेक्स एक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है। इसमें कपड़ा उद्योग क्षेत्र में कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक की सम्पूर्ण वस्त्र श्रृंखला को एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है।

--------------

आदि महोत्सव की आज से नई दिल्ली में शुरूआत हो रही है। मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 24 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव का उद्देश्य देश के जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक क्षमता का जश्न मनाना है। इसमें छह सौ से अधिक आदिवासी कारीगर, पांच सौ प्रदर्शनकारी कलाकार शामिल हो रहे हैं, जो विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की परम्पराओं की प्रदर्शन करेंगे। जनजातीय कार्यमंत्री जुएल ओराम ने बताया कि महोत्सव के माध्यम से जनजातीय समुदायों को व्यापक बाजार उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे उनके उत्पादों और पारम्परिक कला रूपों को बढ़ावा मिलेगा।

--------------

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने किसानों को देश की आत्मा बताया है। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और किसान अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी है। श्री चौधरी आज बाड़मेर के गुढामालानी में किसान सम्मेलन में बोल रहे थे। बाजरा अनुसंधान केन्द्र में हुए इस सम्मेलन में श्री चौधरी ने किसानों को जैविक खेती अपनाने और श्री अन्न को बढावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज के परिवहन के लिए कृषि मंत्रालय नई पहल करने जा रहा है।

--------------

सम्मेलन में उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने भी शिरकत की। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने बाजरा खेती की नई तकनीक, उन्नत किस्मों की खोज और मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में भी जानकारी दी।

--------------

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात हुई भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच शुरू हो गई है। जांच समिति में रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक नरसिंह देव और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त पंकज गंगवार शामिल हैं। उत्तर रेलवे ने घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को दस–दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को ढाई–ढाई लाख रुपये देने की घोषणा की है। इसके अलावा मामूली रूप से घायल लोगों को एक–एक लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया गया है।

इस बीच, भगदड की इस घटना में मरने वाले लोगों की संख्या 18 हो गई है। मृतकों में 13 महिलाएं और पांच बच्चे हैं। घटना पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रेलमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री ने शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भी हादसे को दुखद बताते हुए गहरी संवेदना जताई है।

--------------

समाचार महाकुंभ से –

प्रयागराज महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान कर सिलसिला जारी है। दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु इस भव्य उत्सव में शामिल हो रहे हैं। अब तक करीब 52 करोड़ श्रद्धालु संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। इधर, प्रदेश के पाली जिले से आज दिव्यांगों का जत्था भी प्रयागराज के लिए रवाना हुआ।
महाकुंभ में आज **आस्था और जलवायु परिवर्तन** विषय पर एक सम्मेलन रखा गया। इसमें कार्बन उत्सर्जन कम करने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने पर विचार–विमर्श किया गया।

--------------

जयपुर में कल क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन होगा। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से मध्य, पश्चिम और उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त सम्मेलन के रूप में इसे आयोजित जा रहा है। गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली ने आज जयपुर में प्रेस वार्ता में बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सरकारी और प्रशासनिक कामकाज में हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही हिन्दी को तकनीकी रूप से समृद्ध और व्यापक बनाने के लिए किये गये नवोन्मेशी कार्यों की समीक्षा करना है।

--------------

सीतापुरा स्थित जेईसीसी में होने वाले इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाग लेंगे। इसके साथ ही विभिन्न कार्यालयों, बैंकों और उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

--------------

उदयपुर में राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ''वाटर विजन–2047'' होने जा रही है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से 18 फरवरी से आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, जल संसाधन मंत्री और आला अधिकारी भाग लेंगे। दो दिन तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसमें एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करने पर मंथन किया जाएगा।

--------------

योग गुरु स्वामी रामदेव ने आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस भेंट में योग गुरु ने प्रदेश में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास पर चर्चा की। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली के लिए लोगों को योग से जोड़ने की भी बात कही।

उधर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज शाहपुरा स्थित नारायण दास महाराज की तपोस्थली त्रिवेणी धाम पहुंचीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की प्रार्थना की।

भीलवाड़ा शहर को हरा–भरा बनाने के लिए मुहिम शुरू की गई है। जिला प्रशासन और राजस्थान प्रदूषण मंडल की ओर से की गई इस पहल के तहत आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण अभियान में भागीदार बनाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है।

--------------

कोटा में सरस राज सखी मेला चल रहा है। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से लगाए गए इस मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री कर रही हैं। एक रिपोर्ट –

--------------

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में काफी अंतर बना हुआ है। अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने और तपिश रहने से गर्मी का अहसास होने लगा है। वहीं सुबह शाम हल्की ठंड का असर है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार बीते 24 घंटों में ज्यादातर जगह दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। चित्तौडगढ़ और बाड़मेर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक मापा गया। विभाग ने कल भी तापमान में बढ़ोतरी होने और गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं 18 फरवरी से राज्य में नया पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम बदल सकता है। इससे कहीं–कहीं हल्की बारिश और बूंदाबांदी के आसार हैं।

--------------